

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
1st ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 26 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 26 सितंबर का इतिहास

- **1950 :** इंडोनेशिया ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की।
- **2001 :** अमेरिका ने लादेन के बाद कश्मीरी आतंकवादियों से निपटने का भारत को आश्वासन दिया।
- **1932 :** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म हुआ।
- **2011 :** संयुक्त राष्ट्र ने स्वच्छ विकास तंत्र योजना के तहत हरित गृह गैसों में कमी लाने के लिए दिल्ली मेट्रो को दुनिया का पहला कार्बन क्रेडिट दिया जिसके अंतर्गत उसे सात सालों के लिए 95 लाख अमेरिकी डॉलर मिले।

## 26 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- राजस्थान सरकार ने योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण करने के लिये एक विशेष सामाजिक और प्रदर्शन लेखापरीक्षा प्राधिकरण स्थापित करने का निर्णय लिया है, जो देश में अपनी तरह का पहला प्राधिकरण होगा। प्राधिकरण सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और सेवाओं के कार्यान्वयन में सार्वजनिक जवाबदेही, पारदर्शिता एवं नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करेगा तथा कार्यान्वयन एजेंसियों का प्रदर्शन मूल्यांकन भी करेगा। यह प्राधिकरण सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों द्वारा गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण का भी आकलन करेगा।
- दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि वह शहर में 5000 एकड़ से अधिक धान के खेतों में पूसा बायो-डीकंपोजर का मुफ्त छिड़काव करेगी क्योंकि इससे सर्दियों के दौरान पराली दहन और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। पराली दहन, अगली फसल बोने के लिये फसल के अवशेषों को खेत में आग लगाने की क्रिया है। पराली दहन की यह प्रक्रिया अक्टूबर के आसपास शुरू होती है और नवंबर में अपने चरम पर होती है, जो दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी का समय भी है।
- भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड ने तनावग्रस्त कंपनियों के मूल्य को बढ़ावा देने के लिए अपने नियमों में संशोधन किया है। IBBI (कॉरपोरेट्स के लिये दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम 2016 में संशोधन संकल्प में मूल्य को अधिकतम करने के लिये किया गया है। यह अन्य परिवर्तनों के अलावा दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही इकाई की एक या अधिक संपत्तियों की बिक्री की अनुमति देगा। समाधान योजना जिसमें एक या एक से अधिक CD परिसंपत्तियों की बिक्री शामिल है। एक या एक से अधिक सफल समाधान आवेदकों को शेष संपत्तियों के उचित उपचार के साथ उपलब्ध कराई जाएगी। समाधान पेशेवर को संबंधित कंपनी से ज्ञात लेनदारों से सक्रिय रूप से दावों की जानकारी प्राप्त करनी होगी जो ऋण उपलब्ध कराने में मदद करेंगे।
- अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल इंक मोबाइल नेटवर्क तक पहुंच बढ़ाने हेतु भौतिक सिम स्लॉट सिम स्लॉट या ई-सिम के बिना बाजार में उतारने जा रहा है। ई-सिम को पहली बार वर्ष 2012 में उपयोग किया गया था।
- भारत की सबसे लंबी नदी क्रूज सेवा अगले साल की शुरूआत में उत्तर प्रदेश के वाराणसी और असम के बोगीबील के बीच शुरू होगी। यह क्रूज सेवा 4000 किमी. से अधिक की दूरी तय करेगी। यह भारत बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट के माध्यम से गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों को जोड़ेगी। इससे असम के लोगों को पर्यटन और कार्गो परिवहन में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जलमार्ग का उपयोग करने का मौका मिलेगा।
- देशभर में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और अभियानों का आयोजन गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। महात्मा गांधी भारत की स्वतंत्रता के लिए विभिन्न आंदोलनों का नेतृत्व करने वाले प्रमुख व्यक्ति थे। इन्होंने 1 अगस्त, 1920 को अंग्रेजों की भेदभावपूर्ण नीतियों के विरोध में असहयोग आंदोलन शुरू किया था। इस दौरान खिलाफत आंदोलन भी शुरू हुआ था। दोनों ही आंदोलनों में भिन्न-भिन्न मुद्दे होने के बावजूद अहिंसा और असहयोग की एक एकीकृत योजना को अपनाया गया था।
- गीगा वाट पैमाने की विनिर्माण क्षमता प्राप्त करने के लिए 19 हजार 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उच्च दक्षता वाले सौर पीवी माड्यूल के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉडयूल पर राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉडयूल के निर्माण के लिए एक इकोसिस्टम का निर्माण करना है। इस योजना से अपेक्षित एक लाभ यह है कि लगभग 65,000 मेगावाट प्रतिवर्ष पूर्ण और आंशिक रूप से एकीकृत, सौर पीवी मॉडयूल की विनिर्माण क्षमता स्थापित की जाएगी। इस योजना से एक और अपेक्षित लाभ यह है कि यह लगभग 94,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष निवेश लाएगा।
- महाराष्ट्र सरकार ने दौलताबाद किले का नाम बदलकर नया नाम देवगिरि किला रखने की घोषणा की है। दौलतपुर किला महाराष्ट्र के औरंगाबाद के पास देवगिरि गांव में स्थित एक ऐतिहासिक किलेदार गढ़ है, यह पहले यादव राजवंश की राजधानी थी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असमिया शब्दकोश हेमकोश के ब्रेल संस्करण की एक प्रति भेंट की गई। यह प्रति उन्हें नई दिल्ली में जयंत बरूआ द्वारा सौंपी गई।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने किस वर्ष को बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया है ?**

(A) 2022 (B) 2023
(C) 2024 (D) 2025


**(B)** संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया है। बाजरे को वापस लाने और घरेलू और वैश्विक मांग बनाने ओर लोगों को पोषण संबंधी भोजन देने के लिए भारत सरकार ने 2018 में राष्ट्रीय बाजरा वर्ष को चिन्हित करने का निर्णय लिया। 2021 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र को 2023 को अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित करने का प्रस्ताव दिया।



**2. यूरोपीय भाषा दिवस (European Day of Languages) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 26 सितंबर (B) 27 सितंबर
(C) 28 सितंबर (D) 29 सितंबर

**(A)** प्रतिवर्ष 26 सितंबर को पूरे विश्व में यूरोपीय भाषा दिवस मनाया जाता है। इस दिन यूरोपीय दिवस पर भाषा सीखने के लिए जागरूक किया जाता है और इसके लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यूरोपीय भाषा दिवस का महत्व विश्व के सभी लोगों को विभिन्न भाषाओं के प्रति जागरूक करना है।




**3. कहाँ के केसर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर GI टैग प्रदान किया गया है ?**

(A) असम (B) केरल
(C) त्रिपुरा (D) कश्मीर

**(D)** कश्मीर के केसर को भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भौगोलिक संकेतक (GI Tag) प्रदान किया गया है। यह दुनिया का एकमात्र ऐसा केसर है जिसकी खेती समुद्र तल से 1600 से 1800 मीटर की ऊंचाई पर खेती की जाती है। विश्व में कश्मीरी केसर ही एक मात्र ऐसा केसर है जिसे इतनी ऊंचाई पर उगाया जाता है।



**4. सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ऑस्कर अवार्ड के 2023 के लिए भारत की ओर से किस फिल्म को नामांकित किया गया है ?**

(A) कूझांगल (तमिल फिल्म) (B) कश्मीर फाइल्स (हिंदी फिल्म)
(C) छेलो शो (गुजराती फिल्म) (D) जल्लीकट्टू (मलयालम फिल्म)

**(C)** निर्देशक पैन नलिन की गुजराती फिल्म छेलो शो को ऑस्कर अवॉर्ड्स 2023 भारत की तरफ से विदेशी भाषा की कैटिगरी में बेस्ट फिल्म के लिए ऑफिशियल एंट्री मिली है। ऑस्कर पुरस्कारों में आखिरी बार साल 2001 में आमिर खान की फिल्म लगान ने अंतिम पांच में जगह बनाई थी।




**5. गोलकीपर्स ग्लोबल गोल्स पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया गया है ?**

(A) जारा जोया (B) राधिका बत्रा
(C) वेनेसा नाकाटे (D) उपरोक्त सभी

**(D)** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने भारत की राधिका बत्रा, अफगानिस्तान की जारा जोया, युगांडा की वेनेसा नाकाटे और यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वोन डेर लेयेन को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में उनके असाधारण कार्य के लिए गोलकीपर्स ग्लोबल गोल्स पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया है।



**6. प्रियदर्शनी अकादमी के प्रतिष्ठित स्मिता पाटिल मेमोरियल पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया गया है ?**

(A) आलिया भट्ट (B) कैटरीना कैफ
(C) माधुरी दिक्षित (D) ऐश्वर्या राय

**(A)** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को भारतीय सिनेमा में सराहनीय योगदान के लिए प्रियदर्शनी अकादमी के स्मिता पाटिल मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रियदर्शनी अकादमी का स्मिता पाटिल मेमोरिलय पुरस्कार वर्ष 1986 में शुरू किया गया था। यह फिल्म अभिनय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली अभिनेत्रियों को प्रदान किया जाता है।



**7. गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (GeM) कब लॉन्च किया गया था ?**

(A) 2010 (B) 2015
(C) 2016 (D) 2020

**(C)** गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस भारत में सार्वजनिक खरीद के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। इसे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा 9 अगस्त 2016 को लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य सरकारी खरीदारों के लिए एक खुला और पारदर्शी खरीद मंच तैयार करना है। गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस पूरी तरह से पेपरलेस, कैशलेस और सिस्टम संचालित ई-मार्केट प्लेस है जो न्यूनतम मानव इंटरफेस के साथ सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की खरीद को सक्षम बनाता है।

GeM
Government
e Marketplace
Efficient • Transparent • Inclusive

**8. फुलैच महोत्सव किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में मनाया जाता है ?**

(A) हिमाचल प्रदेश (B) सिक्किम
(C) उत्तराखंड (D) लद्दाख

**(A)** फुलैच या फुलाइच महोत्सव हिमालच प्रदेश के किन्नौर जिले में सितंबर महीने में मनाया जाता है। इसे ऊकायंद और उख्यांग महोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। यह फूलों का त्यौहार है जो हिंदू कैलेंडर के भाद्रपद महीने के 16वें दिन मनाया जाता है। यहां मौजूद जंगली फूलों की विविधता और सुंदरता इस त्यौहार का मुख्य आकर्षण है।



**9. आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को किस संविधान संशोधन के जरिए 10% आरक्षण प्रदान किया गया था ?**

(A) 100वाँ (B) 101वाँ
(C) 102वाँ (D) 103वाँ

**(D)** हाल ही में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण अन्य वर्गों को प्रभावित नहीं करता। 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान वर्ष 2019 में 103वें संविधान संशोधन के माध्यम से किया गया था। इस संशोधन के जरिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद-15 और अनुच्छेद-16 में संशोधन किया गया था।




**10. भारतीय सेना दुनिया के किस सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र पर सैटेलाइट ब्रॉडबैंड आधारित इंटरनेट सेवा शुरू की है ?**

(A) लाहौल स्पीति (B) कारगिल
(C) सियाचिन ग्लेशियर (D) लेह-लद्दाख

**(C)** सियाचिन ग्लेशियर सीमा पर सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई है। इस सेवा के शुरू होने से आपातकालीन स्थिति में सियाचिन ग्लेशियर पर मौजूद भारतीय जवान मुख्यालय में सूचना दे पाएंगे।

